विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन

क्र./परीक्षा/२०२०/ 8895 **दिनांक** 26-12-2020

–:: ऑनलाईन नामांकन हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश ::–

समस्त महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं द्वारा ऑनलाईन नामांकन प्रक्रिया में बहुत सी त्रुटियां की जाती है या कमियां रह जाती है, जिस कारण नामांकन/परीक्षा कार्य में देरी होती है। उक्त प्रक्रिया हेतु महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला अपने स्तर पर सुधार कर सकते हैं, जिससे ऑनलाईन नामांकन एवं परीक्षा में अकारण देरी ना हो।

ऑनलाईन नामांकन हेतु निम्न बिन्दुओं को ध्यान में रखकर कार्य सम्पादित करें::–

01 महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं द्वारा नामांकन आवेदन फार्म समय–सीमा में विश्वविद्यालय को प्रेषित नहीं किये जाते हैं, कृपया समय–सीमा में नामांकन फार्म विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें।

02 छात्र/छात्राओं के माईग्रेशन /पात्रता प्रमाण–पत्र (नवीन प्रवेशित छात्रों के लिये पात्रता प्रमाण–पत्र अनिवार्य होगा) समय पर प्राप्त न होने के कारण विद्यार्थियों के नामांकन किया जाना संभव नहीं हैं, कृपया समय–सीमा में उक्त प्रमाण–पत्र विश्वविद्यालय को प्रेषित करें।

03 महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं द्वारा बगैर दस्तावेज सत्यापन कर नामांकन ऑनलाईन अप्रूव कर दिया जाता है, छात्रों से समस्त प्रमाण पत्रों की प्रतियां प्राप्त होने पर ही विद्यार्थियों के नामांकन ऑनलाईन अप्रूव करें एवं समस्त नामांकन संबधी दस्तावेज विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें।

04 महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं द्वारा नामांकन फार्मो को एक साथ न भेजकर टुकड़ों में भेजे जाते है, कृपया बिना विलम्ब शुल्क वाले फार्म एक साथ एवं विलम्ब शुल्क वाले फार्म एक साथ भेजें।

05 महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं द्वारा नामांकन फार्म अप्रूव करने के पूर्व विद्यार्थियों के नाम, उपनाम, कक्षा, विषय एवं अन्य जानकारियों को सावधानीपूर्वक परीक्षण एमपी ऑनलाईन द्वारा आपको प्राप्त जी–2–जी लॉगइन से कनेक्शन कर फार्म अप्रूव करें। गलत अप्रूव करने की स्थिति में महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला स्वयं जिम्मेदार होंगें।

समस्त महाविद्यालय एवं अध्ययनशालाओं को निर्देशित किया जाता है कि वे विद्यार्थियों के नामांकन आवेदन फार्म एवं संलग्न दस्तावेज नियत तिथि तक विश्वविद्यालय में प्रस्तुत करें अन्यथा उनके आवेदन फार्मों पर कोई कार्यवाही नहीं की जायेंगी, जिसके लिये महाविद्यालय एवं अध्ययनशाला स्वयं जिम्मेदार होंगे।

आदेशानुसार

कुलसचिव

क्र./परीक्षा/२०२०/ 8896 **दिनांक** 26-12-2020

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु –

01. प्राचार्य/विभागाध्यक्ष/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/अ.शा./संस्थान, विक्रम विश्वविद्यालय परिक्षेत्र, उज्जैन।
02. माननीय कुलपतिजी एवं कुलसचिवजी के निजि सहायक, विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन।

सहायक कुलसचिव **(परीक्षा)**